प्रमाणीकरण हासिल करें:
तम्बाकू बेचने वाले व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण

न्यूयॉर्क स्टेट (NYS) किशोर तम्बाकू सेवन रोकथाम अधिनियम (Adolescent Tobacco Use Prevention Act, ATUPA) का अनुपालन करने में व्यवसायों की सहायता करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करती है जिसके तहत वे 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को तम्बाकू वाले उत्पाद, ई-सिगरेट्स या वेपिंग से जुड़े उत्पाद, या तम्बाकू-रहित धूम्रपान वाले उत्पाद, जैसे हर्बल सिगरेट्स, तम्बाकू-रहित शीशा, पाइप्स या रोलिंग पेपर्स, बेचने से इनकार करते हैं। प्रशिक्षित होने के बाद, कर्मचारी प्रमाणीकरण हासिल करता है, जो तीन साल के लिए वैध होता है।

प्रमाणीकरण के फ़ायदे:

- ✔ आप NYS के तम्बाकू-संबंधी कानूनों और जुर्माने के साथ-साथ नाबालिगों को तम्बाकू बेचने से मना करने के तरीके के बारे में जानेंगे।
- ✔ यदि 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बिक्री करने वाले कर्मचारी ने NYS-प्रमाणित तम्बाकू बिक्री प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा किया है तो कानून का उल्लंघन करने के लिए आपके व्यवसाय को केवल एक पॉइंट (दो पॉइंट्स के बजाय) मिलेगा।

प्रमाणीकरण हासिल करने का तरीका:

प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए नीचे सूचीबद्ध किए गए नमूना संगठनों में से किसी एक से संपर्क करें।

संगठन	संपर्क जानकारी	विवरण
AAA Online Tobacco Training	516-889-6925	ऑनलाइन प्रशिक्षण, या व्यक्तिगत विकल्प भी उपलब्ध हैं
NYS Association of Service Stations and Repair Shops	518-452-4367 nysassrs.com	ऑनलाइन प्रशिक्षण, या व्यक्तिगत विकल्प भी उपलब्ध हैं
Online Tobacco Training, LLC	onlinetobaccotraining.com 917-838-4210	ऑनलाइन प्रशिक्षण

प्रशिक्षकों की पूरी सूची के लिए, **health.ny.gov** पर जाएं और **"tobacco sales training" (तम्बाकू की बिक्री के लिए प्रशिक्षण)** खोजें।

NYC Health

अधिक जानकारी के लिए, **311** पर कॉल करें या **nyc.gov** पर जाएं और **"tobacco laws" (तम्बाकू-संबंधी कानून)** खोजें।

GOT ID?

Hindi

मार्च 2024 में अपडेट किया गया